सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नज़र

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-257, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

SCHOOLING + COMPETITION @ MOTION ACADEMY
(Board, NTSE & Olympiad) (IIT-JEE & NEET, AIIMS) (Quality Education with Affordable Fees)

आईआईटीअन व डॉक्टर फैकल्टी सिर्फ मोशन अकेडमी आगरा में

Session 2025-26-27
ADMISSION OPEN FOR IIT-JEE & NEET ASPIRANTS

FLAT
50%
INSTANT FEES DISCOUNT

HELPLINE : 9719905151

FOUNDATION BATCH
(For Class 10th to 11th Moving Student)

TARGET BATCH
(For Class 12th Pass Student)

PRE-FOUNDATION
(For Class 9th-10th Student)

(Batch Starts From 28 March & 01 April 2025)



MOTION ACADEMY®
IIT-JEE | Foundations | NEET

AGRA M.G. ROAD BRANCH
Behind Tanishq Jewellers, Opp. Anjana Cinema, Near Dr. R.S. Gill, M.G Road, Agra Ph: 9719705151

TAJ NAGARI BRANCH
Nehru Enclave Chauraha, 100 Futa Road, Opposite SBI Bank & Church, Near Public Welfare Hospital, Taj Nagari, Indra-Puram, Rajpur Agra, Ph: 9997263131

(Hostel & Bus Transport Facility Available)

# मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

## पुलिस के तीन कांस्टेबल बलिदान, डीएसपी व चार जवान घायल



**श्रीनगर।** घुसपैठ कर आए आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने उज्ज दरिया से सटे सुफैन के अंबे नाल में चौतरफा घेर लिया है। गुरुवार सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक भीषण गोलीबारी जारी रही। मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर हुए हैं। ड्रोन के जरिये आतंकियों के शव देखे गए हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर पुलिस के तीन सीनियर ग्रेड कांस्टेबल बलिदान हो गए। इनमें तारिक अहमद निवासी रियासी, जसवंत सिंह निवासी लोंडी हीरानगर और बलविंदर सिंह निवासी कान्हा चक शामिल हैं।

डीएसपी धीरज कटोच व चार जवान गोलीबारी में घायल हुए हैं। सुफैन पोस्ट के प्रभारी हेडकांस्टेबल जगबीर सिंह भी घायल हुए हैं, लेकिन उनका पता नहीं चल पा रहा है। अन्य घायलों में एक पैरा कमांडो का जवान है और दो एसपीओ हैं। पैरा कमांडो को एयरलिफ्ट कर सैन्य अस्पताल पहुंचाया गया है।

हीरानगर के सन्याल गांव के पास रविवार को मुठभेड़ शुरू होने के बाद घेराबंदी से भाग निकले आतंकी वीरवार को फिर घेरे जा सके। इस बार इन्हें सुरक्षाबलों ने पहाड़ों से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर जाने वाले उज्ज दरिया के किनारे अंबे नाल में घेरकर ऑपरेशन शुरू किया है। यह पांच से दस आतंकियों का ताजा घुसपैठ कर आया दल माना जा रहा है। हालांकि मुठभेड़ में कितने आतंकी घिरे हैं, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी।

**चार एंबुलेंस तैनात...सीएमओ भी मौके पर डटे**

मौके पर पहुंचे सीएमओ कठुआ डॉ. विजय राणा ने बताया कि दो घायलों को जीएमसी कठुआ में उपचार दिया गया है। एक पैरा कमांडो को हाथ में चोट लगी है। कुछ और लोगों के भी घायल होने की जानकारी है। लेकिन ऐसा पता चला है कि उन्हें मुठभेड़ वाले क्षेत्र से बाहर नहीं लाया जा सका है। चार एंबुलेंस को मौके पर तैनात रखा गया है।

**आईजी, डीआईजी भी ऑपरेशन में शामिल**

कठुआ के जुथाना की ओर से घेराबंदी की गई है। बिलावर के धराल्ता और सुंदरीकोट की ओर से भी भागने के रास्तों पर नाकेबंदी की गई है। सुफैन के जंगलों की तरफ भी सुरक्षाबलों की कड़ी घेराबंदी है।

**कातिल दुल्हन की पैरवी पर बोले परिजन**

# पुलिस मार दे गोली या चढ़ा दे सूली...नहीं जाएंगे देखने



**औरैया।** बड़े से बड़े संगीन मामलों में आरोपियों को उनकी कानूनी पैरवी में परिजन से लेकर रिश्तेदार की मदद मिल जाती है। इस मामले में पति दिलीप की हत्या करा जेल पहुंची प्रगति के लिए कानूनी पैरवी से परिजन किनारा कर रहे हैं। उनका कहना है कि चाहे पुलिस प्रगति को गोली मार दे या सूली पर चढ़ा दे। वह प्रगति को देखने तक नहीं जाएंगे। कानूनी पैरवी तो दूर की बात है।

सियापुर निवासी हरगोविंद सिंह की बेटी प्रगति दो बहनों व तीन भाई में सबसे छोटी है। बचपन से ही वह सबकी लाडली थी। परिजनों के मुताबिक उसकी पढ़ाई लिखाई के लिए परिवार दिबियापुर में किराए के मकान में रहा था। कोविड काल में हरगोविंद की प्राइवेट नौकरी चली गई थी। इसके बाद गांव में दो मंजिला मकान बनवाने के बाद परिवार गांव आ गया था।

**अनुराग के परिवार ने जबरन अपना बाड़ा बनवा लिया**

वहां प्रगति की पड़ोस में रहने वाले अनुराग से नजदीकी हो गईं। परिजनों के मुताबिक दोनों परिवारों के बीच जमीन विवाद तीन पीढ़ियों से चला आ रहा है। दोनों मकानों के बीच खाली पड़ी ग्राम समाज की जमीन इस रंजिश की वजह थी। पहले प्रगति के चाचा इस जमीन पर मवेशी बांधते थे, बाद में अनुराग के परिवार ने जबरन अपना बाड़ा बनवा लिया था।

**शादी के 15वें दिन मौत के घाट उतरवा दिया**

स्थिति यह थी कि छह माह पहले ही इस जगह को लेकर गोली चली थी। प्रगति के चाचा अर्जुन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस सब के बावजूद अनुराग व प्रगति के बीच प्रेम प्रसंग परवान चढ़ता रहा। उधर, ऐश से जीवन काटने के लिए मैनपुरी के भोगांव निवासी हाइड्रा चालक दिलीप से भी प्रगति ने प्रेम प्रसंग का ढोंग रचा। शादी के 15वें दिन अनुराग के हिस्ट्रीशीटर दोस्तों ने प्रगति के पति को मौत के घाट उतरवा दिया।

**पुलिस उसे गोली मार दे, या सूली चढ़ा दे**

प्रगति के चाचा अर्जुन सिंह व भाई आलोक ने बताया कि अनुराग के परिवार से उनकी रंजिश थी। ऊपर से मन पसंद शादी कराने के बाद प्रगति ने पति दिलीप की हत्या कर दी। पारुल भी प्रगति की ससुराल में पहले से बिहाई है। ऐसे में प्रगति की करतूत ने झकझोर दिया है। उनका कहना है कि इसकी कानूनी पैरवी नहीं करेंगे। पुलिस उसे गोली मार दे, या सूली चढ़ा दे। उसे देखने तक नहीं जाएंगे।

# निर्वाण संस्था में चार बच्चों की मौत

## संक्रमित पानी पीने से मौतों की आशंका, लापरवाही से गई जानें



**लखनऊ।** निर्वाण संस्था के चार मानसिक मंदित बच्चों की मौत और अन्य के बीमार होने का कारण पीने का गंदा पानी है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बृहस्पतिवार को आश्रयगृह का निरीक्षण करने के दौरान ऐसी आशंका जताई है। जांच के लिए खाद्य पदार्थों के साथ पानी का सैंपल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो जाएगा कि संक्रमण की असल वजह क्या थी।

निर्वाण आश्रय गृह के करीब 70 बच्चे 23 मार्च की रात अचानक बीमार पड़ गए थे। इनमें से 24 गंभीर थे। जिनमें से चार की जान चली गई। चूंकि खाना खाने के कुछ ही देर बाद एक साथ तबीयत बिगड़ने के पीछे बड़ा कारण है। डीएम विशाख जी ने बताया कि एफएसडीए की टीम ने कुल 18 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे हैं। पानी की भी जांच कराई जा रही है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि कुछ तथ्य ऐसे सामने आए हैं, जिससे आशंका है कि पीने के पानी की वजह से बच्चे संक्रमित हुए हैं। फिलहाल अब पुष्ट कारण जाने के लिए नमूनों की जांच रिपोर्ट आने का इंतजार है। दो से तीन दिन में रिपोर्ट आ सकती है।

# कांग्रेस वैचारिक लड़ाई लड़ रही हैः राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के जिला इकाई प्रमुखों की बैठक में कहा कि वर्तमान समय में एक कठिन वैचारिक लड़ाई चल रही है, लेकिन उन्हें यह पता होना चाहिए कि कांग्रेस ने उस ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ाई लड़ी थी, जिसकी तुलना में भाजपा और आरएसएस एक मजाक हैं। उन्होंने कहा, भारत के दो दृष्टिकोण हैं, भारत की दो अवधारणाएं हैं। एक तरफ आरएसएस की अवधारणा है - तानाशाही, पदानुक्रम, पिछड़ी जाति का दमन, कमजोर वर्गों का दमन, महिलाओं का दमन, महिलाओं का अपमान और दूसरी तरफ कांग्रेस की विचारधारा है, जिसने हमें आजादी दी, जो सभी के साथ समान व्यवहार करती है। उन्होंने कहा, उनके बिना, पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती, सफल नहीं हो सकती। हमारी लड़ाई एक ऐसे भारत के लिए है जहां हर नागरिक, हर समुदाय को सपने देखने और हासिल करने का अधिकार है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# पाकिस्तान में भीषण सड़क हादसा, 4 महिलाओं समेत 11 की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में हुए अलग-अलग दो सड़क हादसों में चार महिलाओं सहित कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि स्वात और मनसेहरा जिलों की सीमा पर स्थित पहाड़ी जिले शांगला के मालक खेल कोटके में एक कार के नहर में गिर जाने से एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। सड़क पर फिसलन होने के कारण कार नहर में गिरी थी। पुलिस ने बताया कि एक अन्य दुर्घटना उस समय हुई जब मलकंद जिले की दरगई तहसील में एक कार सड़क से फिसलकर नहर में गिर गई। इस हादसे में चार महिलाओं समेत एक परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना दरगई के बाहरी इलाके में खटको शाह अफगान शरणार्थी शिविर के पास हुई।



# गाजा में थम नहीं रहे इजरायल के हमले

**यरुशलम।** गाजा में इजरायल की ओर से लगातार हमले किए जा रहे हैं। इजरायल ने साफ कर दिया है कि गाजा में हमले नहीं रुकेंगे। इस बीच उत्तरी गाजा पट्टी में हुए अलग-अलग इजरायली हमलों में हमास के एक प्रवक्ता समेत सात लोगों की मौत हो गई है। क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय और हमास के एक अन्य अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी है। इजरायल ने हमास के साथ हुआ युद्ध विराम समझौता पिछले सप्ताह तोड़ते हुए गाजा पर कई हवाई हमले में किए हैं जिनमें अभी तक 800 से अधिक लोग मारे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय और हमास के एक अधिकारी ने अलग-अलग हवाई हमलों में एक परिवार के छह लोगों और हमास के एक प्रवक्ता की मौत की जानकारी दी है। इजरायल ने साफ कर दिया है कि यदि हमास बंधकों को रिहा नहीं करता, हथियार नहीं डालता और क्षेत्र से बाहर नहीं जाता है तो वह हमलों को और तेज करेगा।

हमास ने कहा है कि वह स्थायी युद्ध विराम और इजरायली बलों की वापसी के बदले शेष 59 बंधकों को रिहा करेगा जिनमें से 24 के जीवित होने की उम्मीद है। इस बीच, इजरायल में



बृहस्पतिवार को प्रदर्शनकारी, सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए। गाजा में युद्ध की समाप्ति और नए चुनावों की मांग करने वाले पोस्टर थामकर प्रदर्शनकारी बृहस्पतिवार को तेल अवीव के एक चौक पर इकट्ठा हुए थे।

# राणा सांगा विवाद पर राज्यसभा में घमासान

## मल्लिकार्जुन खरगे लाए दलित का मुद्दा, मचा हंगामा



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के राणा सांगा पर दिए गए बयान को लेकर हंगामा मचा हुआ है। इस बयान के बाद रामजी लाल सुमन के घर पर हुए हमले को लेकर नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नाराजगी जताई और कहा कि संविधान इसकी इजाजत नहीं देता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप, राणा सांगा और देश के अन्य हिस्सों में जिन लोगों ने देश के लिए अपनी जान दी, हम उनका सम्मान करते हैं।

सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राणा सांगा राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं और उनके बारे में की गई अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। रामजी लाल सुमन की उस टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया गया है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस सदन में अगर देश के हीरो को कोई बेइज्जत करता है। मैं नहीं मानता हूं कि ये मुद्दा सिर्फ हमारे सुमन जी का है। वो काफी सीनियर नेता हैं, लेकिन जो राणा सांगा को लेकर उन्होंने वक्तव्य दिया है। भले ही उसे सदन की कार्यवाही से निकाल दिया गया है, लेकिन वो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनके इस बयान को कैसे कोई मंजूर करेगा। इसलिए मैं कहता हूं कि इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के नेता इस बयान को खारिज करें।

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभापति धनखड़ की ओर से राणा सांगा के बारे में जो बातें कही गई है, वह उससे पूरी तरह सहमत है। उन्होंने कहा कि लेकिन यह कतई उचित नहीं है कि उनके आवास पर हमले किए जाए और बुलडोजर चलाया जाए। खरगे ने यह भी कि सुमन की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि जो सदन की कार्यवाही से डिलीट हो गया, वो दोहराया नहीं जाना चाहिए, लेकिन उसी को दोहराया जा रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि राणा सांगा इस देश के हीरो थे। वो बहादुर थे, हमारे हीरो थे। राणा सांगा किसी भी जाति-धर्म के हीरो नहीं है। वो देश के हीरो हैं।

## म्यांमार में 7.2 तीव्रता का भूकंप




**नेपीडा।** भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में भूकंप के खतरनाक झटके महसूस किए गये हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक म्यांमार में रिक्टर पैमाने पर 7.2 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के ये झटके कितने तेज हैं, इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसके असर दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किए गये हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने कहा है कि म्यांमार में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया है। जबकि भूकंप के झटकों के बाद थाई राजधानी बैंकॉक में सैकड़ों लोग इमारतों से बाहर निकल आए हैं। भूकंप के बाद हुए नुकसान के बारे में म्यांमार की ओर से तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है। भूकंप का केंद्र मंडाले शहर के पास था और इसकी तीव्रता 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर थी।

गाजियाबाद में बड़ा हादसा

## फैक्टरी में बॉयलर फटा, तीन कर्मचारियों की मौत



**गाजियाबाद।** जिले के भोजपुर में आज सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। जहां भोजपुर थाना क्षेत्र के गौ अतरौली में स्थित नॉर्दर्न ईस्टर्न रबर एंड रोल फैक्टरी में बॉयलर फट गया। हादसे में तीन लोगों की जान चली गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, बॉयलर फटने से तीन कर्मियों योगेन्द्र कुमार, अनुज और अवधेश कुमार की मौत हो गई है। वहीं एक अन्य को हल्की चोट आई है।

सुबह साढ़े 5 बजे चौकी अतरौली थाना भोजपुर अंतर्गत स्थित एक फैक्टरी में बॉयलर फटने से हादसा हो गया। मौके पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है। परिजनों को समझाया जा रहा है। कानून व्यवस्था संबंधी कोई समस्या नहीं है। अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम (पीपीए) के कथित उल्लंघन की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की और बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। इससे पहले मामले की सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल और मटियाला सीट से विधायक गुलाब सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे।




# महंगी किताबें, महंगी ड्रेस

## एडमिशन का समय आते ही अभिभावकों की जेब पर डकैती चालू





एनएनआई

**आगरा।** शिक्षा के क्षेत्र में लगातार हो रहे बदलाव और किताबों की बढ़ती कीमतों ने अभिभावकों के लिए एक नई मुसीबत खड़ी कर दी है। आगरा में किताबों की दुकानों के बाहर और उसके अंदर की घटनाओं ने अभिभावकों को पूरी तरह से परेशान कर दिया है। किताब कारोबारियों की मनमानी और उनके द्वारा मनमाने दामों पर किताबों की बिक्री से अभिभावकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है,जिससे न केवल उनका आर्थिक बोझ बढ़ रहा है,बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

हाल ही में एक बुक डिपो पर अभिभावकों के साथ अभद्रता की घटना ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया।अभिभावक किताबों की कीमतों को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करने पहुंचे थे, लेकिन दुकानदारों ने न केवल उनकी बातों को नजरअंदाज किया,बल्कि उन्हें अपशब्दों से भी नवाजा ।यह घटना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई और आगरा के नागरिकों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। दुकानदारों की यह असंवेदनशीलता और अभिभावकों के साथ खराब व्यवहार ने शिक्षा के माहौल को गहरे धक्के दिए हैं।

### सामाजिक संगठनों से बनाई आंदोलन की रणनीति

अब इस मुद्दे पर सामाजिक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। श्री बांके बिहारी एजुकेशनल समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन शर्मा ने इस संबंध में कहा, 'हम इस पूरे मामले को लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार कर रहे हैं। हम आगरा के सभी अभिभावकों और शिक्षकों को एकजुट करेंगे ताकि इस समस्या का समाधान निकाला जा सके। हम चाहते हैं कि प्रशासन किताब कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई करे और शिक्षा के नाम पर होने वाली इस लूट को रोका जाए।' डॉ. मदन मोहन शर्मा ने आगे कहा कि अगर प्रशासन जल्द ही कोई कदम नहीं उठाता,तो सामाजिक संगठन शहरभर में बड़े प्रदर्शन करेंगे। उनके मुताबिक,इस मामले में जागरूकता फैलाने और अभिभावकों की समस्याओं का समाधान खोजने के लिए वे अन्य संगठनों से भी संपर्क कर रहे हैं।

### मनमाने दामों पर बेची जा रही हैं किताबें

आगरा में किताबों के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है,जिससे अभिभावक काफी परेशान हो गए हैं। पिछले कुछ वर्षों में, खासकर नए सत्र के दौरान,किताबों की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। एक तरफ जहां किताबों की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हो रहा है,वहीं दूसरी तरफ दुकानदार अपनी मनमानी करते हुए किताबों के दाम बढ़ाते जा रहे हैं। इस वजह से अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा के लिए जरूरतमंद किताबें खरीदने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

### अधिकारी मौन

इस सबके बीच,स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग का मौन रवैया चिंताजनक है शिक्षकों,अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने कई बार इस मुद्दे पर अधिकारियों से कार्रवाई की अपील की,लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ करते हुए ये किताब कारोबारी अपनी जेब भर रहे हैं,जबकि अभिभावक अपनी सीमित आय में बच्चों की पढ़ाई का खर्चा उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# शिक्षा विभाग पस्त, प्राइवेट स्कूल मस्त

### शासन के आदेशों को ठेंगा, स्कूल प्रांगण से बेच रहे यूनिफॉर्म और किताबें

एनएनआई

**आगरा।** जिले में शिक्षा विभाग की निष्क्रियता के चलते प्राइवेट स्कूल वालों के हौसले जरूरत से ज्यादा बुलंद हो चुके हैं, उत्तर प्रदेश सरकार का शासनादेश और शिक्षा अधिकार अधिनियम यह कहता है की कोई भी स्कूल वाला किताबें खरीदने के लिए कोई दुकान निर्धारित नहीं कर सकता लेकिन यहां तो इससे भी एक कदम आगे बढ़कर स्कूल वालों ने यूनिफॉर्म और किताबें अपने स्कूल प्रांगण से ही बेचनी शुरू कर दी हैं।

प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स अवेयरनेस (टीम पापा) कि ऑफिस में पहुंच कर अभिभावकों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई एक अभिभावक ने अपना मोबाइल खोलकर सेंट पैट्रिक स्कूल के द्वारा भेजा गया मैसेज दिखाया जिसमें स्कूल के द्वारा लिखा गया था की सेंड पैट्रिक के यूकेजी कक्षा के अभिभावकों को 27 मार्च सुबह 7:30 से 10:00 बजे तक 2700 रुपए लेकर स्कूल में आने हैं जहां से उनको यूनिफॉर्म दी जाएगी, दूसरे मामले में एक अभिभावक ने रिकॉर्डिंग वीडियो के साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए दिखाया कि कौलक्खा आगरा स्थित सेंट क्लेयर यूनिट दो में स्कूल प्रांगण से ही किताबें बेची जा रही हैं।

पापा संस्था के राष्ट्रीय संयोजक दीपक सिंह सरीन ने बताया कि उन्होंने इस मामले में मुख्य विकास अधिकारी के पास अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए कहां है कि इस मामले को जनसुनवाई में ना डाला जाए बल्कि त्वरित कार्रवाई के आदेश जारी कर जाएं।

दीपक सिंह ने इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनकी ढील के चलते ही प्राइवेट स्कूलों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं अभिभावक लगातार शिकायत करने के लिए आगे आते हैं लेकिन शिकायतों पर कार्रवाई समय पर ना हो पाने की वजह से अभिभावकों का उत्साह ठंडा हो जाता है जिसका लाभ प्राइवेट स्कूल वाले उठा लेते हैं, अब यदि प्रशासन अभिभावकों की समस्या को गंभीरता से नहीं लगा तो मजबूरी में हमें भी सड़क जाम करने जैसी चीज करनी पड़ेगी जिससे कानून का उल्लंघन होगा लेकिन इसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन आगरा और शिक्षा विभाग की ही मानी जायेगी।

## साइबर ठगी का शिकार हुआ व्यापारी, लाखों गंवा बैठा

**आगरा** एनएनआई। साइबर ठगों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर व्यापारी से उसके खातों की पूरी जानकारी ले ली। इसके बाद लाखों रुपये ट्रांसफर कर लिए। मैसेज आने पर व्यापारी को जानकारी हुई। साइबर सेल मामले की जांच कर रही है। न्यू आगरा थाना क्षेत्र के खंदारी जवाहर नगर निवासी राजीव कुमार का ट्रांसपोर्ट नगर में जूते के पैकिंग मैटेरियल का व्यवसाय है। उन्होंने पुलिस को बताया कि व्यापार का लेनदेन बैंक खातों से करते हैं। 25 मार्च को उनके फोन पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। उसने बैंक खाते से लेनदेन की पूरी जानकारी दी। इसके बाद क्रेडिट कार्ड की लिमिट दोगुनी करने के बारे में कहा और बातों में फंसाकर बैंक की व्हाट्सएप चैटिंग खुलवाई। थोड़ी देर बाद खाते से 16,300 रुपये खाते से काटने का मैसेज आया। वह कुछ कर पाते तब तक लाखों रुपये ट्रांसफर हो गए।

## विद्युत लाइन का तार टूटने से गेहूं की फसल काटते ग्रामीण बाल-बाल बचे

एनएनआई



**एत्मादपुर (आगरा)।** खेतों से गुजर रही 11 हजार हाई वोल्ट विद्युत लाइन का तार टूटकर गिरने से आज सुबह ग्राम अगवार में बड़ा हादसा टल गया। प्रभावित किसान परिवार के सदस्य करंट लगने से बाल-बाल बच गए लेकिन फसल में आग लग लगने से नुकसान जरूर हो गया। आसपास कटाई कर रहे ग्रामीणों ने मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया।

ग्राम अगवार खास निवासी किसान राजू शर्मा पुत्र नरेंद्र प्रकाश के चार बीघा खेत में परिवार के सदस्य आज सुबह गेहूं की फसल की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान खेत में से गुजर रही 11 हजार हाई वोल्ट की विद्युत लाइन का तार टूटकर गिर पड़ा। इस से राजू और उनके परिजन उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। बिजली की लाइन नलकूपों के लिए जा ही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह 9.20 बजे विद्युत लाइन में फाल्ट होने पर एक तार फसल के ऊपर गिर पड़ा। इससे कटी पड़ी फसल में आग लग गई। आसपास के ग्रामीण शोर मचाते हुए फसल में लगी आग को बुझाने में जुट गए। किसी ने मिट्टी डाली तो किसी ने बोझों को उठाकर अलग कर बचाया। ग्रामीण दिव्य प्रकाश ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। लेकिन किसान को फसल जलने से काफी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि हाई टेंशन विद्युत लाइन के तार जर्जर अवस्था में हैं। उन्होंने इन्हें बदलवाने की मांग की है।

### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

## पुलिस ने छह तस्कर किए गिरफ्तार

**आगरा** एनएनआई। किले के पास गांजा बेचा जा रहा था। पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार करके 58 किलो गांजा पकड़ा। इसकी कीमत करीब पांच लाख रुपये है। बिहार के तस्कर आगरा में गांजा बेच रहे थे। राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी तस्करी कर रहे थे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी ने बताया कि बिहार का गिरोह आगरा में सक्रिय था। ताजगंज के कुआंखेड़ा निवासी सुरजीत यादव, बुढ़ाना, ताजगंज का भूपेंद्र सिंह और कहरई ताजगंज का श्याम राठौर यहां गांजा खपाने का काम कर रहे थे। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी। पुलिस ने आगरा किले के पास से गांजे के साथ इन आरोपियों को पकड़ा। यहां डिलीवरी देने आए बिहार के भोजपुर निवासी अर्जुन, उमेश कुमार और लाल बाबू को भी पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह बिहार से गांजा लाकर यहां आगरा के तीनों साथियों को देते हैं। इसके बाद यह तीनों आसपास के राज्यों में भी तस्करी करते हैं। आगरा में भी इसे खपाया जाता है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से 10 मोबाइल फोन, एक कार, एक मोटरसाइकिल आदि मिले हैं। अर्जुन सिंह, उमेश कुमार, लाल बाबू सिंह बिहार पहले से कई थानों में केस दर्ज है।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
अपना ब्रज

05

शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 www.nnindianews.com

# गोकुलपुरा का 350 वर्ष पुराना गणगौर मेला, तैयारी शुरू

## 31 मार्च और 1 अप्रैल को लगेगा गणगौर मेला

एनएनआई

**आगरा।** गोकुलपरा बाजार क्षेत्र में 350 वर्ष पुराने ऐतिहासिक गणगौर मेले की तैयारी शुरू हो गई है। महीना पहले इस मेले की तैयारी में प्रशासन और मेला कमेटी लगा हुआ है। वही इस मेले को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ देखने के लिए आती है। यह मेला कई मायनों में ऐतिहासिक है और आगरा के सबसे प्राचीनतम मिलों में से एक माना जाता है। राजस्थान प्रदेश में गणगौर पर्व का बड़ा महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। वहीं कुंवारी कन्या सुंदर वर प्राप्ति के लिए भी इस व्रत को रखती हैं। साथ ही मिट्टी से भगवान शिव और पार्वती की प्रतिमाएं अपने हाथों से तैयार करती हैं। जिनकी शाम को 12 गुना नाम की एक स्पेशल मिठाई से विशेष पूजा-अर्चना कर व्रत पूर्ण किया जाता है। इस बार यह मेला 31 मार्च और 1 अप्रैल को लगेगा। शोभायात्रा में 32 झांकियां शामिल होंगी। मेले में इस बार लाखों की संख्या में लोगों की आने की उम्मीद मेला कमेटी के द्वारा जताई जा रही है। इस बार गोकुलपुरा की सभी बिल्डिंगों को लाइटिंगों से सजाया जा रहा है। मेला कमेटी इस भव्य रूप प्रदान करने में जुटी हुई है।





आगरा का गोकुलपरा क्षेत्रों बहुत प्राचीन मेला है। यह कृष्ण जन्म काल का बसा हुआ है। मेले की तैयारी में मिला कमेटी और आगरा प्रशासन जुटा हुआ है 31 मार्च का 1 अप्रैल को मिला इस बार लगाया जाएगा। 1 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

**राजकुमार कसेरा, मेला अध्यक्ष**



नगर निगम और आगरा प्रशासन के द्वारा मेले के तैयारी को लेकर भी दौरा कर लिया गया है 31 और 1 अप्रैल तक मेले की तैयारी पूरी तैयारी पूर्ण हो जाएंगे और इस बार बाबा मेला लगाया जाएगा।

**राजेश प्रजापति, पार्षद मंडल अध्यक्ष**

# मथुरा में राजस्व टीम को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

## लेखपाल व निरीक्षक घायल, गौशाला की जमीन पर हुआ विवाद



एनएनआई

**मथुरा।** चौमुहां के थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत धोरेरा खादर में गौशाला की नपत करने के लिए गई राजस्व विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले के दौरान राजस्व निरीक्षक व लेखपाल घायल हो गए। नायब तहसीलदार की तहरीर पर पांच नामजद व 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। हमला करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें ग्रामीण राजस्व टीम को खदेड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत धोरेरा खादर में नायब तहसीलदार अपनी टीम के साथ हसानंद गौशाला की जमीन की नपत के लिए पहुचे थे। वहां पहले से मौजूद ग्रामीणों ने टीम पर लाठी डंडा और ईंट पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में राजस्व निरीक्षक राकेश यादव और लेखपाल संजय कुमार घायल हो गए। पुलिस ने किसी तरह हालात संभाले और तीन हमलावरों को हिरासत में लिया। बता दें, गांव धोरेरा खादर स्थित हासानंद गोशाला की भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। अदालत में इस मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद मथुरा तहसील की टीम जमीन का निरीक्षण और नपत के लिए पहुंची थी।

टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद था, लेकिन पहले से मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने अचानक हमला कर दिया। घायल लेखपाल संजय कुमार ने बताया कि जैसे ही राजस्व विभाग की टीम नपत के लिए आगे बढ़ी, ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने राजस्व कर्मचारियों पर लाठी डंडा और ईंट पत्थर से हमला बोल दिया।

ग्रामीणों द्वारा हमले किए जाने के दौरान राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार यादव और लेखपाल संजय कुमार घायल हो गए। हमले की सूचना पर तहसीलदार सौरभ यादव और नायब तहसीलदार अनमोल गर्ग तुरंत जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे। घायलों का हाल जाना। नायब तहसीलदार अनमोल गर्ग की ओर से इस हमले को लेकर थाना जैंत में तहरीर दी गई है। जिसमें हमलावरों पर सरकारी काम में बाधा डालने सरकारी कागजातों को फाड़ने एवं सरकारी कर्मचारी पर जानलेवा हमला कर घायल करने का आरोप लगाया गया है। थाना प्रभारी जैत अश्वनी कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच नामजद व 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तीन लोग हिरासत में हैं। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# लापता 5 वर्षीय मासूम का शव तालाब में मिला, हत्या

**मथुरा** एनएनआई। जनपद के कस्बा राया के गांव नगला हर्राय से तीन दिन से लापता मासूम का शव तालाब में मिलने से हड़कंप मच गया। शव को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण तालाब पर एकत्रित हो गए। इस बीच सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।



थाना राया के गांव नगला हर्राय निवासी देवेंद्र के 05 वर्षीय पुत्र मितांश 25 मार्च मंगलवार सुबह दस बजे से घर के बाहर से लापता हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन की मगर मितांश की कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों द्वारा इसकी सूचना राया थाने में दर्ज कराई गई थी। गुरुवार को कुछ ग्रामीणों ने तालाब में एक शव देखा। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मासूम के शव को तालाब से बाहर निकाला। शव की पहचान पांच वर्षीय मितांश पुत्र देवेंद्र के रूप में हुई। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। शव देखते ही उनके बीच हड़कंप मच गया और वे फूट-फूटकर रोने लगे। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है, परिजनों द्वारा मितांश की हत्या की आशंका जताई गई है।

# राजधानी की चपेट में आकर महिला की मौत

**फिरोजाबाद** एनएनआई। मक्खनपुर रेलवे स्टेशन पर एक दुखद घटना सामने आई। बीमार पिता से मिलने जा रही 30 वर्षीय मधु प्रजापति की राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। मधु अपनी 8 वर्षीय बेटी आरुषि और 10 वर्षीय बेटे रानू के साथ आगरा जा रही थी। वह थाना मटसेना क्षेत्र के गांव बरामई की रहने वाली थी। उसके बीमार पिता कैलाशी प्रजापति आगरा में रहते हैं। घटना उस समय हुई जब मधु आगरा पैसेंजर ट्रेन के लिए टिकट लेकर प्लेटफॉर्म पर लौट रही थी। रेलवे ट्रैक पार करते समय उसका पैर फिसल गया। उसी दौरान राजधानी एक्सप्रेस वहां से गुजर रही थी। हादसे के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# घर छोड़कर निकलीं पांच नाबालिग लड़कियां

## पुलिस से नाबालिग छात्राएं बोली, पापा शादी कराना चाहते हैं और हमें पढ़ना है

**अलीगढ़/मथुरा** एनएनआई। जनपद अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र के एक ही गांव से परिजनों को बिना बताए घर छोड़कर निकली पांच नाबालिग लड़कियों को बरामद करने में गोवर्धन पुलिस को सफलता हाथ लगी है। बरामद लड़कियों की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच में है। इस संबंध में थाना अतरौली अलीगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटनाक्रम के अनुसार 25 मार्च को थाना अतरौली में दर्ज कराए मुकदमे में देवेन्द्र कुमार पुत्र नारायण दत्त निवासी ग्राम जमनपुर थाना अतरौली जिला अलीगढ़ ने बताया कि उसकी



15 वर्षीय पुत्री अचानक घर से बिना बताए गायब हो गई है। इस पर खोजबीन की गई तो उसी गांव में जानकारी हुई कि अलग-अलग घरों से चार लड़कियां भी गायब हैं। एक साथ गायब होने की आशंका हुई तो मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस को तलाशी अभियान के दौरान गायब हुई लड़कियों के मथुरा के गोवर्धन क्षेत्र में होने का सुराग मिला। इस पर प्रशिक्षु आईपीएस गोल्डी गुप्ता ने मय फोर्स एवं एसओजी मथुरा के साथ तलाशी अभियान शुरू किया। गायब हुई पांचों लड़कियों को दानघाटी मंदिर के समीप से बरामद कर लिया। प्रशिक्षु आईपीएस थाना प्रभारी गोल्डी गुप्ता ने बताया कि बरामद की गई लड़कियों की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच में है। सभी को उनके परिजनों को सौंप दिया है। डीआईजी व एसएसपी मथुरा ने बताया कि फोन से अलीगढ़ पुलिस ने सूचना दी कि अलीगढ़ से गायब हुई पांच लड़कियों की मथुरा जनपद में होने की संभावना है। इस पर सभी लड़कियों को गोवर्धन से सकुशल बरामद किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक संजीव कुमार दुबे, राकेश यादव एसओजी प्रभारी मथुरा, एसआई यशपाल सिह, सुधीर कुमार, प्रवीण कुमार, अभिनय, प्रेमपाल, पुष्पेन्द्र आदि शामिल रहे।

# किसी को गिराने वाले नहीं, सहारा देने वाले है हमारे संस्कार : शिवानी

## रोटरी क्लब आगरा ग्रेस और ब्रह्मा कुमारी ने आयोजित किया व्याख्यान



एनएनआई

**आगरा।** रोटरी क्लब आगरा ग्रेस और ब्रह्मा कुमारी की ओर से सूरसदन में आयोजित 'भाग्य की कलम आपके हाथ में है' विषय पर आध्यात्मिक व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें आध्यात्मिक वक्ता सिस्टर बीके शिवानी थीं।

शुरूआत बीके शिवानी के साथ महापौर हेमलता दिवाकर, डॉ. बबिता सिंह, डॉ. रंजना बंसल, डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा, पूरन डावर, जितेंद्र चौहान, संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जयदीप मल्होत्रा और सचिव आशु मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत नृत्य कालंदी इंस्टीट्यूट के बच्चों ने प्रस्तुत किया। बीके शिवानी ने कहा कि मन में संकल्प लें कि मैं एक शक्तिशाली आत्मा हूं। हर परिस्थिति में मैं सबके साथ हूं। मेरा भाग्य मेरे कर्म पर निर्भर है। हमें सबके लिए अच्छा सोचना है दूसरे का व्यवहार उसका संस्कार है अगर उसका कड़वाहट का संस्कार है तो हम अपने को ना बदले। हम कड़वाहट बोलते है तो हमारे पास कड़वाहट वाली ऊर्जा वापस आती है। किसी के संस्कार कमजोर वाले होते है और हमारे संस्कार किसी को गिराने वाले नहीं बल्कि सहारा देने वाले है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अध्यक्ष रूचि अग्रवाल, सचिव डॉ. नीतू चौधरी, कोषाध्यक्ष गरिमा मंगल, डॉ. नीलम मेहरोत्रा, साधना भार्गव, सुनीता सिंह नौहवार, शीनू कोहली, शिल्पा अग्रवाल, आशु जैन, मनीष राय, मनीष अग्रवाल रावी, ब्रह्मा कुमारी से रमा, मधु, दर्शना, ममता, संगीता, वंदना, योगेश आदि मौजूद रही।

# फार्मासिस्ट्स को हेपेटाइटिस के उपचार के मिले टिप्स

## एसएन मेडिकल कॉलेज में एक दिवसीय एनवीएचसीपी कार्यक्रम

एनएनआई

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग की ओर से नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत फार्मासिस्ट के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के फार्मासिस्ट ने प्रतिभाग किया।

एनवीएचसीपी कार्यक्रम का उद्देश्य हेपेटाइटिस के निदान ,उपचार और देखभाल के बारे में फार्मासिस्ट को जानकारी देना है। इसके साथ ही हेपेटाइटिस बी और सी के रोगियों को निःशुल्क जांच एवं उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. प्रो. टीपी सिंह ने किया। कार्यक्रम में शाहजहांपुर ,औरैया ,हाथरस, गौतम बुद्धनगर ,कासगंज आदि जिलों के फार्मासिस्ट को सम्मानित किया गया। संचालन नोडल ऑफिसर, एमटीसी ,एनवीएचसीपी डॉ. सूर्य कमल वर्मा ने किया। इस दौरान असिस्टेंट प्रो. इंचार्ज जीआई यूनिट, डॉ. प्रो. एके निगम, डॉ. नीतू चौहान, डॉ. नेहा आजाद ,डॉ. चेतन शर्मा , संदीप कुमार, राजीव उपाध्याय एवं जूनियर रेजिडेंट डॉ. निमिष गुप्ता, डॉ. सौरभ त्रिपाठी, डॉ. कीरुभाकर उपस्थित रहे।



# मिलिंद नांदेड़कर को रंगमंच संवर्धक सम्मान से नवाजा




- विश्व रंगमंच दिवस पर नटराजलि थियेटर आर्ट्स ने किया सम्मानित

एनएनआई

**आगरा।** विश्व रंगमंच दिवस पर नटराजलि थियेटर आर्ट्स के संस्थापक स्व. राम खिलाड़ी खिरवार सिंह की स्मृति में वरिष्ठ रंगकर्मी मिलिंद नांदेड़कर को 'रंगमंच संवर्धक सम्मान 2025' से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान उनके निज निवास श्यामो मोड़, शमशाबाद पर विनीता सिंह एवं संस्था निदेशक अलका सिंह शर्मा ने स्मृति चिह्न, श्रीफल, अंगवस्त्र, माला पहनाकर किया।

अलका सिंह शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ रंगकर्मी मिलिंद नादिड़कर ने दसवीं कक्षा में ही रंगमंच के क्षेत्र में अपने पहले मराठी नाटक महेश एल्कुंजवार द्वारा लिखित 'यातना घर' से कदम रखा। इसके बाद 'एंड गेम' हिंदी नाटक में अभिनय किया। दो दर्जन से अधिक मराठी नाटकों का मंचन मुंबई में किया। कला सरगम, राज्य नाट्य स्पर्धा, महाराष्ट्र जैसे मंचों पर अभिनय क्षमता को साकार किया। अखिल भारतीय मराठी नाट्य परिषद् के कोषाध्यक्ष एवं सचिव पद पर रहकर 6 वर्षों तक योगदान दिया। रंगमंच एवं बॉलीवुड अभिनेता नाना पाटेकर एवं लक्ष्मीकांत बैल्डे आपके साथी रहे हैं। आगरा में 40 वर्षों से संस्कृति संवर्धन को योगदान दे रहे हैं। सर्वप्रथम शालीमार लाइट एंड साउंड के साथ आपने अपनी सहभागिता देकर शहर को श्रेष्ठ लाइट और साउंड दिया। 2001 से 2025 तक सूरसदन का मंच आपकी ध्वनि एवं प्रकाश विशेषज्ञता से जगमग हुआ है।

महाराष्ट्रीयन भाषा में लिखे हैंडसम नाटक का हिंदी अनुवाद स्वर्गीय राजेंद्र रघुवंशी व जितेंद्र रघुवंशी की प्रेरणा से एवं सतीश महेन्दु के सहयोग से किया। इसके पश्चात फ्रेंड्स थिएटर ग्रुप के संस्थापक रंगकर्मी स्व. समीर सिंघल के साथ एक यादगार नाटक का मंचन देखने को मिला। 'रोशोमन', कॉमेडी नाटक 'हाय हैंडसम' जैसे नाटकों को भी रंगमंचीय दक्षता से फ्रेंड थिएटर ग्रुप एवं वरिष्ठ रंगकर्मी विश्वनिधि मिश्र के साथ मिलकर प्रस्तुत किया। नटराजलि के मार्गदर्शक डॉ. विजय किशोर बंसल एवं शहर भर के रंगकर्मियों व सांस्कृतिक कर्मियों ने शुभकामनाएं दीं।

# किसानों को बताए जैविक खेती के फायदे, मृदा जांच करना सिखाया

आगरा (एनएनआई)। प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र बांसमोहन शाह खंदोली पर किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 125 किसानों ने सहभागिता की। प्रवेश कुमार सिंह क्षेत्र प्रतिनिधि कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड की ओर से आयोजित सभा में मुख्य अतिथि शिवराज सिंह चौहान रहे। कृषि सलाहकार लाखन सिंह त्यागी ने किसानों को मृदा जांच, जैव उर्वरक के बारे में विस्तार से बताया। जैविक खेती के लाभ से भी किसानों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, स्वरोजगार और लघु उद्यमिता का विकास होगा, सामाजिक समावेशन बढ़ेगा और नवाचार व अनुसंधान में भी मानक स्थापित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रवेश कुमार सिंह ने अतिथि एवं किसानों के प्रति आभार प्रकट किया।



Rashtra Deep
Restaurants
Fully Air Conditioned
A/C BANQUET HALL FOR :-
BIRTHDAY KITTY PARTIES &
FAMILY FANCTIONS


NH-2, 15 K.M. Stone, Indian Oil Petrol Pump Premises,
Etmadpur, Agra, Mob :- 9563906777, 9568504777

# सूबे में विकास बेमिसाल

## विधायक डा. धर्मपाल सिंह ने गिनाई सरकार के आठ साल की उपलब्धियां

एनएनआई

**एत्मादपुर।** सूबे में सत्तारूढ़ मुख्यमंत्री योगी सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में बेमिसाल उपलब्धियां अर्जित की हैं। जनहित के नित नए निर्णय लेने वाली प्रदेश सरकार देश की नंबर एक प्रांतीय सरकार बन गई है। भाजपा सरकार ने अपने उपलब्धियों भरे कार्यकाल में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर तबके को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। प्रदेश की आर्थिक विकास दर आज सातवें से दूसरे स्थान पर आ गई है।

एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा. धर्मपाल सिंह ने प्रदेश की योगी सरकार के आठ साल और अपने तीन साल के कार्यकाल में मंजूर की गई सैकड़ों विकास परियोजनाओं की उपलब्धियां गिनाते हुए यहां एक औपचारिक प्रेस वार्ता में दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में हर क्षेत्र में सतत समग्र विकास हो रहा है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, घरेलू मोबाइल फोन उत्पादन, लघु उद्योग इकाई स्थापना (एमएसएमई), कृषि निवेश अनुदान भुगतान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन, महिला सुरक्षा, दुग्ध उत्पादन, निःशुल्क राशन वितरण, प्रधानमंत्री जन धन योजना में सर्वाधिक बैंक खाते खुलवाने, निःशुल्क बिजली कनेक्शन, औद्योगिक निवेश, खाद्यान्न, फल, सब्जी उत्पादन, कौशल विकास, अटल पेंशन पंजीकरण में योगी सरकार देश में अन्य प्रांतों की सरकारों में प्रथम स्थान पर है।

उन्होंने कहा आठ साल से एत्मादपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास में लगातार वृद्धि हो रही है। अपने तीन साल के कार्यकाल में 985 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण, 23 करोड़ रुपए से नहरों का जीर्णोद्धार, जल निकासी को नाला, गोवंशीय पशुओं के संरक्षण को गोशालाओं का 20 करोड़ रुपए से निर्माण, शहरी व ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर एक हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। स्कूल निर्माण, विद्युत उप केंद्र की स्थापना, आनंदी भैरो से गिजौली के लिए 111 करोड़ की लागत से बन रहे पुल समेत सैकड़ों विकास परियोजनाएं गिनाईं। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह चाहर, डा आरएन मुदगल, मंडल अध्यक्ष स्वदेश बघेल (एत्मादपुर), श्रीनिवास (बरहन), नरेंद्र सिंह सिकरवार (कुबेरपुर), राहुल भारद्वाज और कार्यक्रम प्रभारी महेश कुमार शर्मा, राकेश पाराशर आदि मौजूद थे।




### हाइवे पर ट्रैफिक जाम की समस्या से जल्द मिलेगी निजात

विधायक डा धर्मपाल सिंह ने कहा है कि एत्मादपुर में हाइवे पर लगने वाले जाम की समस्या से जल्द से जल्द निजात दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। समस्या के स्थाई समाधान को तीन विकल्पों पर कार्य हो रहा है। यहां उत्तरी-दक्षिणी दिशा में से एक ओर बाइपास अथवा एलीवेटेड रोड रोड बनाया जाएगा। इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। सर्वे पूर्ण होने पर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इसी प्रकार रामबाग क्षेत्र की ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए भी शीघ्र ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा।

### किसानों को अगले सप्ताह से बंटने लगेगा मुआवजा

विधायक डा धर्मपाल सिंह ने बताया कि आगरा विकास प्राधिकरण के इनर रिंग रोड और ग्रेटर आगरा बसाने के लिए अधिग्रहित की गई जमीन का मुआवजा तहसील के रहनकलां-रायपुर मौजा क्षेत्र के प्रभावित किसानों को अगले सप्ताह से वितरित होने लगेगा। किसानों को 14 साल बाद मुआवजा दिलाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार भी जताया।

# सीबीएसई ने डमी स्कूलों को लेकर उठाया सख्त कदम

एनएनआई

**डमी स्कूल में नामांकित और अनियमित उपस्थिति वाले बच्चों को सीबीएसई करेगा बारहवीं की परीक्षा से निष्कासित**

**आगरा।** निरंतर बढ़ रही डमी प्रवेश की समस्या देश में एक गंभीर मुद्दा बन गई है, जिसके अंतर्गत छात्र नियमित विद्यालय के स्थान पर कोचिंग सेंटर में जाने लगते हैं। सीबीएसई ने इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने शुरू किए हैं, जिससे शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में सुधार हो सके और छात्रों को समग्र विकास का अवसर मिले।

सीबीएसई की ओर से सभी विद्यालयों को यह निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई भी विद्यालय डमी छात्रों को अपने यहाँ प्रवेश देता है, तो उस विद्यालय की संबद्धता रद्द कर दी जाएगी। साथ ही प्रवेश लेने वाले छात्रों को बारहवीं की परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा। इसके साथ ही बोर्ड ने इस समस्त कार्यवाही के लिए अभिभावकों को भी समान रूप से उत्तरदायी बताया है। सीबीएसई द्वारा सभी विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे उपस्थिति संबंधी सभी निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन करें और छात्रों को नियमित कक्षाओं में उपस्थित होने के लिए प्रोत्साहित करें।



अप्साध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि इसी तरह के सकारात्मक एवं सख्त निर्देशों से डमी स्कूलों के बढ़ते हुए प्रचलन पर रोक लगेगी। जब छात्र नियमित रूप से विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करेंगे तो ज्ञानार्जन के साथ ही साथ विभिन्न खेलों एवं पाठ्यक्रम सहगामी गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता होगी, जो आजकल बच्चों में निरंतर बढ़ रहे एकाकीपन, तनाव, निराशा, आक्रामकता आदि अवसादों से उन्हें दूर रखेगी, जिससे आत्महत्या की दर में कमी आएगी एवं छात्रों के बहुआयामी व्यक्तित्व का विकास हो सकेगा।

## रेलवे की बैठक में लिए गए निर्णय

**आगरा** एनएनआई। आगरा मंडल की दसवी मंडल रेल उपभोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति की प्रथम बैठक मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता मे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के गोवर्धन सभागृह में सम्पन्न हुई। सदस्यों से परिचय के उपरान्त समिति के अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सभी सदस्यों को आगरा मंडल की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी तथा आगरा मंडल के यात्री सुविधओं के लिए किए गये सभी कार्यो से सदस्यों को अवगत कराया और कहा कि आगरा मंडल निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रणी है । गतिशीलता हमारी पहचान है। दसवी मंडल रेल उपभोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति की प्रथम बैठक में 15 सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया।

# काव्य गोष्ठी के जरिए कवियित्री महादेवी वर्मा को किया नमन




एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती, आगरा महानगर, बृज प्रान्त द्वारा चतुर्थ नमन काव्य गोष्ठी कवियित्री महादेवी वर्मा की जन्मजयंती पर माधव भवन, जयपुर हाउस पर आयोजित की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष ब्रज भाषा के मूर्धन्य एवं वरिष्ठ कवि ब्रज बिहारी लाल बिरजू, संस्कार भारती के अखिल भारतीय अधिकारी और प्रचारक बांकेलाल गौड़, संस्कार भारती आगरा महानगर के उपाध्यक्ष इंजीनियर सुरेश चन्द्र अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके काव्य गोष्ठी का शुभारम्भ किया।

इससे पूर्व गोष्ठी के अध्यक्ष ब्रज भाषा के मूर्धन्य एवं वरिष्ठ कवि ब्रज बिहारी लाल बिरजू, संस्कार भारती के अखिल भारतीय अधिकारी और प्रचारक बाकेलाल गौड़, संस्कार भारती आगरा महानगर के उपाध्यक्ष इंजीनियर सुरेश चन्द्र अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष नन्द नन्दन गर्ग, मीतू सिंह, डा शशि गुप्ता ने 93वर्षीय कवयित्री डॉ शान्ति नागर जी और आगरा कॉलेज की संस्कृत विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ शशि तिवारी जी का शॉल, अंगवस्त्र और माल्यार्पण द्वारा सम्मानित किया गया।



# दुल्हन बना कर रखूंगा...

## दबंग ने की तमंचे की नोंक पर किशोरी से छेड़छाड़

एनएनआई



**बाह।** क्षेत्र के एक गांव में 13 साल की किशोरी संग तमंचे की नोंक पर छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। किशोरी और उसकी मां के विरोध पर शोहदे ने कहा कि शादी कर दुल्हन बना कर रखूंगा। छेड़छाड़ के दौरान जोर जबरजस्ती में किशोरी के कपड़े फट गये। पास पड़ोस के लोगों के पहुंचने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। वारदात बाह क्षेत्र के एक गांव में महाशिवरात्रि पर रात 11.30 बजे की है। थाने में किशोरी को लेकर पहुंचे पिता ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में काम करता है। घर पर अपनी मां के साथ 13 साल की बेटी रहती है। महाशिवरात्रि पर रात 11.30 बजे बेटी चारपाई पर सो रही थी। गांव का ही शोहदा तमंचा लेकर घर में घुस आया और बेटी को दबोच कर छेड़छाड़ करने लगा। शोहदे की जोर जबरजस्ती से बेटी के कपड़े फट गये। उसकी चीख पर जागी मां और बेटी ने शोहदे की हरकत का विरोध किया तो उसने ऐलान किया कि शादी कर दुल्हन बना कर रखूंगा। पास पड़ोस के लोग आए तो जान से मारने की धमकी देकर चला गया। होली पर वह छुट्टी पर घर आया तो पूरी घटना की जानकारी हुई। पुलिस से अपने परिवार के साथ अनहोनी घटना की आशंका जताते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसओ बाह सुरेश चन्द ने बताया कि तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।



# भाजपाईयों ने सपा नेताओं का फूंका पुतला

**अछनेरा** एनएनआई। कस्बा अछनेरा में थाना चौराहे पर अछनेरा पुलिस की मौजूदगी दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने सपा से राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का मुर्दाबाद के नारे लगाते हुये पुतला फूंका गया है। पुतला फूंखने से पहले पुतले पर लगे सपा नेताओं के फोटो पर चप्पल भी मारी गयी है। इस दौरान पुतला फूंखने वालों में चैयरमैन प्रतिनिधि महेंद्र सिंह भगत, मोहित सोलंकी जिलापंचायत सदस्य,सभासद पवन छौंकर,डॉ. नेमसिंह चौधरी, सभासद शिवा माहौर,सभासद गुलशन गर्ग,मुकेश धनगर समाजसेवी,पवन ठेकेदार व राकेश ठेकेदार समेत दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

# लापता महिला पुलिस को मिली, देवर संग गई थी

एनएनआई

**बाह।** एक महीने पहले लापता हुई महिला को बाह पुलिस ने 25 मार्च को उसके देवर के साथ बरामद किया था। थाने में महिला देवर के साथ रहने की जिद पर अड़ी थी, बोली देवर से प्यार हो गया है। फतेहाबाद के खंडेर गांव की महिला की ससुराल भिंड में है। उसके दो बच्चे एक बेटा और एक बेटी है। महिला के भाई ने पुलिस को बताया था कि वह 20 फरवरी को महिला और उसके दो बच्चों को अपने घर ला रहा था।

दोपहर बाद 3.30 बजे बेटा बेटी के साथ उसे बाह के बस अड्डे पर बिठा कर पानी की बोतल लेने चला गया था। वापस लौटा तो बेटे संग महिला नहीं मिली। बेटी बैठी हुई मिली थी। हर संभव स्थान पर तलाश करने के बाद भी सुराग न लगने पर उसने बाह थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तभी से बाह पुलिस सुरागरसी में जुटी थी। 25 मार्च को बाह पुलिस ने भिंड से महिला को उसके देवर के साथ बरामद किया था। उसने पुलिस को बताया कि देवर से प्यार हो गया है। अपनी मर्जी से उसके साथ गई थी। उसी के साथ रहूंगी। एसओ बाह सुरेश चन्द ने बताया कि गुमशुदा महिला को बरामद कर एसीपी कोर्ट में उसके वयान दर्ज कराए थे। वयान के आधार पर उसे देवर के साथ भेज दिया है।

# सांसद के गांव में कल होगा जिकड़ी भजन

**कागारौल** एनएनआई। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा सांसद फतेहपुर सीकरी राजकुमार चाहर के गांव गढ़ी कालिया बेरी चाहर का मशहूर जिकड़ी भजनों का मेला 29 मार्च दिन शनिवार अमावस्या को आयोजित किया जाएगा। मेले में रात्रि में जिकड़ी भजनों के गायन का कार्यक्रम होगा। इसमें विजेता को भजन गायकों को मेला कमेटी की और से प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के अलावा सभी गायकों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। उक्त जानकारी गढ़ी कालिया बेरी चाहर मेला कमेटी की और से दी गई है।

# लोडर की टक्कर से गिरा पेड़, ड्राइवर की मौत

एनएनआई



**बाह।** नरहौली गांव पर सुबह 5 बजे ड्राइवर को लगी झपकी से लोडर पेड़ से टकरा गई। टक्कर के बाद उखड़ा पेड़ लोडर और झोंपड़ी पर गिरा। लोडर में फंसे ड्राइवर की दर्दनाक मौत हो गई। उसका साथी घायल हो गया। पिनाहट के उटसाना गांव के रवी उर्फ ईश्वरी (25) पुत्र पप्पू अपनी लोडर में सब्जियां लाकर बाह क्षेत्र की मंडियों में बेचने का काम करता था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह ब्रहस्पतिवार को आगरा से बाह के लिए सब्जी की खेप लेकर चला था। गांव का ही सुनील उसके साथ था। सुबह 5 बजे के करीब झपकी लगने से अनियंत्रित हुई लोडर नरहौली गांव पर सड़क किनारे के पेड़ से टकरा गई। जिससे उसका अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद पेड़ उखड़ कर लोडर और झोंपड़ी पर गिरा। चीख पुकार पर पहुंचे लोगों ने लोडर में फंसे रवी उर्फ ईश्वरी और सुनील को पुलिस की मदद से बाह सीएचसी पहुंचाया। जहां पर चिकित्सक ने रवी उर्फ ईश्वरी को मृत घोषित कर दिया। बाह पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। सुनील को इलाज के लिए एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा के लिए रेफर किया है।

# आगरा छावनी: 8 साल में 526 करोड़ के विकास कार्य

एनएनआई



**आगरा।** योगी सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक आगरा छावनी विधानसभा डॉक्टर जी एस धर्मेश ने सर्किट हाऊस आगरा पर मीडिया बंधुओ को संबोधित किया। विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सेवा,सुशासन, खुशहाली की सरकार ने 8 साल में कई चेहरों पर मुस्कराहट दी। छावनी विधानसभा में मेट्रो स्टेशन का नाम संविधान निमार्ता डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी के नाम पर करवाया गया।

12 करोड़ की लागत से उखर्रा मार्ग,देवरी रोड पर राजकीय महाविद्यालय का निर्माण,बारह खंबा रेलवे लाइन ,नगला छऊआ ,स्मार्ट सिटी से 300 करोड़ के विकास कार्य, विभिन्न सड़के बनवाना, जलभराव की समस्याओं से निदान, कॉरोना काल में कैंट जनरल हॉस्पिटल में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना,प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 10 हजार आवास निर्माण, सोहल्ला फाटक पर अंडर पास निर्माण, मेट्रो सहित अन्य विकास कार्य विधायक जी एस धर्मेश जी ने करवाए,गंगा जल के लिए 417 करोड़ की लागत से ताज जोन में हर घर गंगा जल योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य शासन स्तर पर टेंडर प्रक्रिया में लंबित है,जल्द ही प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। प्रेस वार्ता में भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष महेश शर्मा, मीडिया प्रभारी रोहित कत्याल, राजेश गोयल, कौशल चौहान, मनीष अग्रवाल, विवेक लोधी, विपिन उपाध्याय,जय सिंह सरदारा, विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट में घायल टेंपो चालक की मौत, हत्या का मुकदमा दर्ज

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** दो टेंपो चालकों में हुई मारपीट के दौरान घायल हुए टेंपो चालक की सुबह मृत्यु हो गई । उक्त मामले में मृतक की पत्नी द्वारा हत्या एवं एससी एसटी एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया गया है ।

बता दें ग्राम सीकरी चार हिस्सा निवासी किताब सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष टेंपो चलाता था बीती रात कस्बे के शाहकुली चौराहे पर दुल्हारा निवासी योगेंद्र से उसका विवाद हो गया जिस पर हुई मारपीट में वह घायल हो गया। साथी टेंपो वाले एवं टेंपो मलिक उसको घायल अवस्था में घर पर छोड़ आए। बृहस्पतिवार सुबह जब वह सोकर नहीं उठा तब परिजन उपचार के लिए अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना में के बाद ग्रामीण एवं परिजनों द्वारा थाना परिसर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हंगामा भी किया गया।

उक्त मामले में मृतक की पत्नी रेखा की तहरीर पर आरोपी योगेंद्र के खिलाफ हत्या एवं अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया है । मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। बता दें मृतक किताब सिंह के दो पुत्र एवं एक पुत्री है । देर शाम मृतक के शव का पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।

## संपादकीय

# बिगड़ रही राज्यों की वित्तीय सेहत

वर्तमान में मुफ्त की योजनाएं चलाए रखने के लिए राज्यों को नए कर्ज लेने की जरुरत पड़ रही है क्योंकि राज्य इतना राजस्व नहीं जुटा पा रहे हैं। वास्तविकता यह है कि धीरे धीरे सभी राज्यों की वित्तीय स्थिति खराब होती जा रही है। मुफ्त की योजनाओं के कारण राज्यों की हालत बिगड़ रही है। राज्यसभा के सभापति और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि मुफ्त की योजनाओं और सब्सिडी पर चर्चा होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि इसके लिए तत्काल एक राष्ट्रीय नीति बनाने की जरुरत है। उन्होंने एक और अहम बात यह कही कि देश तभी विकास कर सकता है, जब पूंजीगत खर्च के लिए धन उपलब्ध हो। यही बात तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कही कि सरकार के पास राज्य के विकास की योजनाओं पर पूंजीगत खर्च के लिए पैसे नहीं बचते हैं। वेतन, भत्ता, पेंशन और सरकारी संस्थानों के रखरखाव यानी स्थापना पर खर्च से जो पैसे बचते हैं। उसका ज्यादातर पैसा कर्ज का ब्याज चुकाने और मुफ्त की नई योजनाओं व पुरानी सब्सिडी योजना पर खर्च हो रहा है। अभी सात राज्यों में महिलाओं को नकद पैसे देने की योजना चल रही है। इस योजना पर करीब सवा लाख करोड़ रुपया हर साल खर्च किया जा रहा है। इसमें सबसे ज्यादा ढाई हजार रुपए महीना झारखंड की सरकार दे रही है। इस योजना पर झारखंड सरकार का सालाना खर्च 17 हजार करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा है। एक लाख 16 हजार करोड़ रुपए के बजट वाले प्रदेश में सिर्फ एक योजना पर 10 फीसदी खर्च हो रहा है। वेतन, भत्ते, पेंशन और



ब्याज के भुगतान के बाद सरकार के पास कुछ नहीं बच रहा है। इसका कारण यह है कि मइयां सम्मान योजना या मुफ्त बिजली देने जैसी दूसरी नई मुफ्त की योजनाओं के अलावा सरकार को बहुत सारी सब्सिडी देनी होती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, ऊर्जा, कृषि आदि सभी सेक्टरों में सब्सिडी देनी होती है। तभी चालू वित्त वर्ष में सरकार ने सभी विभागों से फंड सरेंडर करा कर महिलाओं को नकद पैसे दिए हैं। राज्य सरकार को उम्मीद है कि महिलाओं के खाते में उसने जो पैसे ट्रांसफर किए हैं वह लौट कर बाजार में आएगा और उससे अर्थव्यवस्था की गाड़ी तेजी से चलेगी। लेकिन अभी अर्थव्यवस्था और रोजगार को लेकर जैसा अनिश्चित समय है उसमें उपभोक्ता खर्च में बहुत बढ़ोतरी होगी इसकी संभावना कम ही दिख रही है। महाराष्ट्र में लड़की बहिन योजना के तहत सरकार डेढ़ हजार रुपए हर महीने दे रही है और चुनाव में इसे बढ़ा कर 21 सौ करने का वादा किया गया था। हालांकि सरकार अभी यह वादा पूरा करने के मूड में नहीं है। अभी डेढ़ हजार रुपए ही मिल रहे हैं। डेढ़ हजार रुपए के हिसाब से भी एक मोटा आकलन 46 हजार करोड़ रुपए सालाना का है। अगर 21 सौ रुपया महीना किया जाता है तो यह खर्च 72 हजार करोड़ रुपए तक जा सकता है।महाराष्ट्र में और भी मुफ्त की योजनाएं चल रही हैं, जिनका कुल खर्च हर महीने आठ हजार करोड़ रुपए यानी 96 हजार करोड़ रुपए साल का है।चाहे महाराष्ट्र की सरकार हो या झारखंड की सभी सरकारें इस योजना के लाभार्थियों के लिए शर्तें सख्त करती जा रही हैं और लाभार्थियों की सूची छोटी कर रही हैं। जाहिर है पार्टियां चुनाव जीतने के लिए बड़ी बड़ी घोषणाएं कर देती हैं लेकिन जीत कर सत्ता में आने के बाद वे उन वादों को पूरा करने में असहज महसूस करने लगती हैं। तब उनको सरकारी खजाने का ख्याल आता है।तब वित्तीय अनुशासन और विकास की योजनाओं के लिए पैसे की कमी का ध्यान आता है। इसका मतलब है कि अब वह समय आ गया है कि इस किस्म की योजनाओं पर गंभीरता से विचार हो। सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टियों को एक साथ आकर इस पर विचार करना चाहिए कि उनकी प्राथमिकता क्या है? शिक्षा और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बेहतर कर-के आम लोगों को सस्ती और बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है या हजार, डेढ़ हजार रुपए नकद बांटना प्राथमिकता है?सड़क, बिजली और पानी से लेकर गुणवत्तापूर्ण न्यायिक सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करना और रोजगार की व्यवस्था करके सम्मानपूर्वक जीने की स्थितियां पैदा करना सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। अगर हर साल एकमुश्त सवा लाख करोड़ रुपए विकास की परियोजनाओं पर खर्च हों तो उससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और करोड़ों लोगों का जीवन बेहतर होगा।जरुरत इस बात की है कि लोक कल्याण के लिए जरूरी योजनाओं और मुफ्त की योजनाओं में फर्क किया जाए। लोक कल्याण की योजनाओं पर ज्यादा खर्च हो और मुफ्त की योजनाओं को सीमित किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार इस पर टिप्पणी की है और वैकल्पिक रास्ता तलाशने की जरुरत बताई है। ऐसी योजनाओं से जितना बड़ा आर्थिक बोझ राज्यों पर पड़ रहा है उसे देखते हुए लगता नहीं है कि ज्यादा समय तक इनको चलाए रखा जा सकेगा।

# शनि अमावस्या पर कुंभ से मीन राशि में जाएंगे शनिदेव

**29 मार्च शनिवार का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है यह 2025 का क्योंकि शनिवार के साथ ही साथ शनि अमावस्या भी है दूसरा महत्वपूर्ण घटना यह है कि शनिदेव कुंभ राशि से मीन राशि में ढाई साल के लिए प्रवेश कर रहे हैं और सूर्य ग्रहण भी है।**



सर्वप्रथम सूर्य ग्रहण के बारे में यह बता दिया जाए कि यह ग्रहण भारत में दृश्य मन नहीं रहेगा इसलिए सूतक काल मान्य नहीं रहेगा किंतु यह एक खगोलीय घटना है इसलिए गर्भवती स्त्री को इस दिन बाहर नहीं निकलना चाहिए क्योंकि अमावस्या भी है इसलिए जितना ज्यादा हो धर्म ध्यान करें और हो सके तो अपनी राशि के अनुसार दान करें। गर्भवती महिलाएं अपने पास नारियल रखें और ग्रहण समाप्त होने के पश्चात इस नारियल को बहते हुए जल में प्रवाहित करें। गायत्री मंत्र या फिर राशि के अनुसार मंत्र का जाप करें। फल फूल पत्ते या लकड़ी ना तोड़े।

29 मार्च को शनि देव अपनी राशि परिवर्तन कर रहे हैं यह देखा गया है जब भी शनि अपनी राशि परिवर्तन करते हैं पूरे देश पूरी अर्थव्यवस्था एवं सभी राशियों में इसका प्रभाव देखने को मिलता है। वृश्चिक राशि वालों की शनि की ढैया खत्म हो रही है मीन सिंह और मेष राशि वालों की साढेसाती शुरू हो रही है मकर राशि वालों की शनि की साढेसाती खत्म हो रही है। कुंभ राशि वालों की अंतिम ढैया शुरू हो रही है धनु राशि वालों की शनि की ढैया शुरू हो रही है। अतः जिनकी भी शनि की महादशा और राहु की महादशा चल रही है क्योंकि राहु और शनि अभी एक साथी मीन राशि में विराजमान होंगे 18 में तक राहु मीन राशि में रहेंगे अतः 18 में तक जिनकी भी शनि की महादशा शनि की ढैया या साढेसाती शुरू हो रही है वह हनुमान चालीसा एवं बजरंग बाण का पाठ नियमित रूप से करें क्योंकि यह मंगल का साल है यह करने से आपको शनि राहु और मंगल तीनों ग्रहों से शांति प्राप्त होगी गरीबों को भोजन कारण शनिवार वाले दिन अपनी वाणी में संयम रखें क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण परिवर्तन है। राजनीतिक क्षेत्र में भी बहुत उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे शेयर मार्केट में भी उतार-चढ़ाव रहेगा जल्द से संबंधित बीमारियां फैलने की आशंका रहेगी राजनीति हिलती हुई नजर आएगी अतः या ढाई साल एवं 2025 जो मंगल का साल है इसे शांतिपूर्वक निकालने का प्रयास करें। गरीबों का दिल ना दुखाए किसी का भी पैसा अगर उधर लिया हो तो उसे चुकाए मेडिटेशन करें और अपनी सोच को सकारात्मक रखें। शनि चालीसा का पाठ करें एवं शनि का छाया दान करें। पीपल के पेड़ में तिल के तेल का दीपक लौंग डालकर चढ़ाएं।

शनि अमावस्या भी है मीन राशि में 6 ग्रह की युति भी रहेगी अत आज के दिन अपने पितरों के निमित्त दान पुण्य अवश्य करें किसी का मन ना दुखाए वाणी में संयम रखें तभी हमारे कर्मों की निर्जला होगी और ग्रह के दुष्प्रभाव से हम बच पाएंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
एस्ट्रोलॉजर

## शनि अमावस्या पर मां लक्ष्मी को ऐसे करें प्रसन्न



शनि अमावस्या पर काले तिल, उड़द की दाल और लोहे का दान करना अच्छा माना जाता है। साथ ही इस दिन गुड़ और आटे की गोलियां बनाकर चीटियों को खिलाने से मां लक्ष्मी खुश होती हैं। इससे शनि दोष कम होता है और धन बढ़ता है। इसके साथ ही शनि अमावस्या पर आटे की गोलियां बनाकर तालाब में जाकर मछलियों को खिलाने से आपके ऊपर शनि की अशुभ दशा का प्रभाव कम होता है।

## शनि अमावस्या पर इन स्थानों पर जलाएं दीपक

अमावस्या तिथि पर दीपदान करने का महत्व शास्त्रों में बहुत ही खास माना गया है। शनि अमावस्या के दिन शाम को एक दीपक पीपल के पेड़ पर जलाएं। साथ ही एक दीपक घर के मुख्य द्वार के बाईं ओर जरूर जलाएं। ऐसा माना जाता है कि मुख्य द्वार पर दीपक जलाने से मां लक्ष्मी आकर्षित होती हैं। शनि अमावस्या के दिन शाम को एक दीपक भगवान शिव के मंदिर में जाकर जरूर जलाएं और एक दीपक घर में दक्षिण दिशा में जरूर जलाकर रखें। ऐसा करने से आपके पितर भी आपसे प्रसन्न होते हैं।



## शनि अमावस्या पर करें इन चीजों का दान

शनि अमावस्या पर शनि की प्रिय वस्तुएं गरीब और जरूरतमंद लोगों में दान करने से भी शनि महाराज आपसे प्रसन्न होते हैं। शनि अमावस्या पर इस बार सवा किलो काली उड़द का दान करें। इसके साथ ही आप किसी गरीब जरूरतमंद को काले जूते भी दान में दे सकते हैं। इसके अलावा आप काले कपड़े, काला छाता या फिर काले तिल का भी दान कर सकते हैं। इस उपाय को देखकर शनि महाराज आपसे बेहद प्रसन्न होंगे और आपको सुखी रहने का आशीर्वाद देंगे।

# गोवंश को खिलाया गुड़-चना, बीमार पशुओं के लिए दी दवा



एनएनआई

**आगरा।** गोसेवा को समर्पित 'गौ सेवा संकल्प ग्रुप' ने पीएफए दयालबाग में गोसेवा की। यह जानवरों का अस्पताल है। यहां सभी घायल व असहाय जानवरों का इलाज किया जाता है। यह कार्य अस्पताल की प्रमुख ऋचा गुप्ता करती हैं। सर्वप्रथम गोमाता की पूजा की गई। सभी ने गोमाताओं को व वहां अन्य पशुओं को चोकर, हरा चारा, हरी सब्जी, चना दाल, गुड़, केले, रोटी, टोस्ट, दूध, बाजरा, भुने चना, वन आदि खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी गोसेवकों द्वारा गोमाता व वहां के सभी पशुओं के लिए भोजन, दवाएं व गोरक्षकों के लिए भी कपड़ों का प्रबंध किया गया। अमित कौरा, अंजली स्वरूप, रचना कपूर व साक्षी शर्मा व अमित लवानिया ने सब व्यवस्थाएं संभालीं। श्रुति सिन्हा, रीता शर्मा, रजनी अग्रवाल, ऋचा गर्ग, विजय कपूर, डॉ. निशीथ स्वरूप, कुमुद पांडे, अखिलेश पांडे, एस. के बग्गा, आर. के कपूर, अवधेश उपाध्याय, डॉ अरूणा भार्गव, दिनेश भार्गव, श्वेता अग्निहोत्री, रितु जैन, रवि जैन, चेष्टा, नीलम गुप्ता, वंदना परिहार, संजय कुमार, नितिन नाथ शर्मा, दीपा मित्तल, प्रभा गुप्ता, आराधना श्रीवास्तव, संजीश श्रीवास्तव, अनीता सान्याल का सहयोग रहा। संस्थापक अध्यक्ष रितु गोयल ने बताया कि गोसेवा में पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को हमेशा जागरूक किया जाता है व पानी व चाय के लिए प्लास्टिक के गिलास की जगह स्टील के गिलासों का प्रयोग होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी गोसेवकों द्वारा सर्वाधिक कार्यशील गोसेवक के रूप में रीता पाठक को पटका व शील्ड देकर सम्मान किया गया।

# नव संवत्सर है सनातनी नव वर्ष : ब्रजेश पंडित

## संकल्प के नव संवत्सर उत्सव का आमंत्रण पत्र विमोचन



- आज शहीद स्मारक पार्क में संकल्प नव संवत्सर उत्सव का आमंत्रण पत्र का विमोचन

एनएनआई

**आगरा।** संस्था के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित ने बताया कि संकल्प सेवा संस्था द्वारा संकल्प नव संवत्सर उत्सव का आयोजन 29 मार्च को शाम 4 बजे से मां दुर्गा मंदिर नामनेर पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी सदस्य और उनके परिवारीजनों ने नृत्य, गायन, कवितापाठ कर उत्सव मनाया जाएगा। सभी सनातन प्रेमी उत्सव में आमंत्रित हैं। इस अवसर पर अलका सिंह शर्मा ने कहा कि सनातन परंपरा के इस नव संवत्सर पर सभी उत्सव मनाएं एवं परस्पर बधाई प्रेषित करें। इस अवसर पर ब्रजेश पंडित, अलका सिंह शर्मा, अंशुल पंडित, शिल्पी नंदा, तीर्थ राज दुबे मन्नू, गिरबल प्रताप, मधु दुबे, अर्जुन सिंह, विनीता सिंह, आशीष लवानियां, अर्जुन सिंह, टोनी फास्टर आदि मौजूद रहे।

# विवाह में देरी से टूट रहे घर, बढ़ रहे तलाक




- शिक्षा का बिगड़ा स्वरूप और संवाद की कमी भी विकृति का कारण
- वैचारिक जागरण मिशन ट्रस्ट ने सेमिनार का किया आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** तलाक की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। इससे परिवार बिगड़ रहे हैं और युवक-युवतियों को मानसिक और आर्थिक संकटों से जूझना पड़ रहा है। दांपत्य टूटने का प्रमुख कारण देरी से विवाह करना है। पाप के भय की समाप्ति भी एक कारण निकल कर आया ।यह निष्कर्ष वैचारिक जागरण मिशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित सेमिनार में निकाला गया। यह सेमिनार डा. भीमराव आंबेडकर विवि के संस्कृति भवन में आयोजित किया गया । मुख्य वक्ता बैकुन्ठी देवी कन्या महा विद्यालय की प्राचार्या पूनम सिंग ने कहा कि समाज में विकृति आ रही हैं, उसे रोकने के लिए सामूहिक रूप से जुटना होगा। शारीरिक और मानसिक परिपक्वता लानी होगी। विशिष्ट अतिथि डीजीसी अशोक चौबे ने कहा कि संयुक्त परिवारों की कमी से आज समाज में ये विकृति पनप रही है। विशिष्ट अतिथि सुनील विकल ने कहा कि संस्कारों में कमी के चलते यह विकृति आई है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. लवकुश मिश्रा कहा कि शिक्षा में विकृति आज ये दिन दिखा रहा है।

गायत्री मंत्र से प्रारंभ किए इस सेमिनार का विषय प्रवर्तन ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष प्रतिभा जिंदल ने किया। उन्होंने कहा कि परिवार में विचारों का सामंजस्य होना जरूरी है। इसके लिए परिवार के सभी सदस्यों को प्रतिदिन सामूहिक रूप से भोजन करना चाहिए। यदि प्रतिदिन ऐसा न हो तो कम से कम सप्ताह में एक दिन अवश्य विचार विनिमय कर विचारों का आदान-प्रदान करें।

व्यक्त करने वालों में डा. अमित गौड़, आनंद राय, अरविंद सिंह ,शरद गुप्ता ,एडीसी गौरव जैन, आदर्श नन्दन गुप्त, विकास उपाध्याय, दुर्गा वाहिनी रीना सिंह, नंद नन्दन गर्ग, विनय बंसल,अर्चना शर्मा, प्रदीप बंसल ने शामिल रहे। ट्रस्ट की महासचिव दीपिका अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुबाला, उपाध्यक्ष डा. अनुभा उपाध्याय ने व्यवस्थाएं संभाली।

# जमीन रहती है उपजाऊ, बीमारियों से बचाती है जैविक खेती

## गांव पथोली में आंबेडकर विवि के छात्रों ने जैविक कृषि का दिया संदेश

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संस्थान के एमएसडब्ल्यू के छात्रों ने विभागाध्यक्ष प्रो. रणवीर सिंह एवं सामुदायिक कार्य पर्यवेक्षक डॉ. राजीव वर्मा के निर्देशन में सामुदायिक विकास क्षेत्रीय कार्य के तहत गांव पथोली में जैविक कृषि और आधुनिक कृषि को लेकर जागरूक कार्यक्रम किया गया जिसमें छात्रों ने जैविक कृषि के बारे में किसानों और ग्रामीणों को बताया कि जैविक कृषि क्यों जरूरी है । शिवम मुदगल ने बताया कि जैविक कृषि बिना किसी दवा के और गाय के गोबर से उत्पन खाद के जरिए सकते हैं। इससे हम बीमारियों से बच सकते हैं। साथ ही जमीन को उपजाऊ भूमि की तरह सुरक्षित बना सकते हैं। नमन अग्रवाल ने आधुनिक कृषि का उदाहरण देते हुए कहा कि आधुनिक कृषि एक ऐसी कृषि है जिसके द्वारा हम तकनीकों से उत्पादन बढ़ने की वजह से किसानों की आय वृद्धि होती है। आधुनिक कृषि से ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। यह किसानों को विकास और प्रगति का बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान गांव के किसान और छात्रों में माधवी शर्मा , रितु चौधरी,प्रियंका चौहान, प्रियंका भदौरिया, गुंजन , आर्ची , मोनू, मोहित और गांव के आदि लोग मौजूद रहे ।



# वार्ड-90 में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



एनएनआई

**आगरा।** मंडल अध्यक्ष राहुल जैन के नेतृत्व में वार्ड-90 के ईश्वर नगर पश्चिमपुरी क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डॉ. पार्थसारथी शर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष मनोज बघेल, पार्षद गौरव शर्मा, निरंजन सिंह केम, रवि करोतिया, प्रवीना राजावत, टीएन सिंह चौहान, विजय भदौरिया, पूर्व पार्षद श्यामवीर सिंह, मोहिनी शर्मा, मनोज चौहान, हिमांशु मिश्रा, नरेश राजपूत, देवेंद्र सिंह, भूरी सिंह राजपूत एवं महामंत्री मनीष अग्रवाल सहित अन्य सम्मानित अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। जनता की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। वहीं, मंडल अध्यक्ष राहुल जैन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी विकास कार्यों की गति को बनाए रखा जाएगा।

# माँ नरी सेमरी के छड़ी धारक भक्तों की बैठक में आगामी मेले की तैयारी पर हुई चर्चा

**आगरा (एनएनआई)।** माँ नरी सेमरी के छड़ी धारक भक्तों की बैठक राम हनुमान मंदिर, आगरा किला के सामने संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से नरी सेमरी मेले की आरती से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में हवन पूजन, भंडारा, और अन्य धार्मिक आयोजनों के आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया ताकि आगामी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिल सके। बैठक में आयोजकों ने भक्तों से आगामी 31 मार्च को होने वाली द्वितीय और तृतीया की आरती में सायं 6 बजे तक मंदिर पहुंचने का आग्रह किया। विशेष रूप से यह अनुरोध किया गया कि सभी भक्त इस अवसर पर उपस्थित होकर सुख-समृद्धि की कामना के लिए आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। भक्त आश्रम आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव भी है, जिसमें सभी भक्तों को एकजुट होकर भाग लेना चाहिए। उन्होंने सभी भक्तों से अनुरोध किया कि वे इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। बैठक में प्रमुख रूप से छड़ी धारक पं. अनिरुद्ध शुक्ला, पं. सोमदयाल शर्मा, पं. विनोद शर्मा, पं. चंद्र नरायण शर्मा, पं. पंकज सारस्वत, पं. अखिलेश शास्त्री, पं. सोम नरायण शर्मा, पं. राम नरेश वशिष्ठ और अन्य भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी धार्मिक अनुष्ठानों में समय की पाबंदी और भक्तों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि नरी सेमरी मेले का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार और दिव्य अनुभव हो, जिससे उनकी आस्था और विश्वास में वृद्धि हो।

# दमदार खेल के साथ लखनऊ सुपर जाएंट्स ने खोला जीत का खाता

## शार्दुल के बाद पूरन-मार्श ने मचाया धमाल

शार्दुल ठाकुर की घातक गेंदबाजी के बाद निकोलस पूरन और मिचेल मार्श की धमाकेदार पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने पांच विकेट से सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को हरा दिया। यह लखनऊ की मौजूदा टूनार्मेंट में पहली जीत है। इससे पहले उन्हें दिल्ली ने एक विकेट से करारी शिकस्त दी थी। गुरुवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने 16.1 ओवर में पांच विकेट गंवाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### छठे स्थान पर खिसकी सनराइजर्स हैदराबाद

23 गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीतकर लखनऊ ने अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, इस मैच से पहले शीर्ष पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर खिसक गई। उनका नेट रनरेट -0.128 हो गया। वहीं, अपने पहले मैच में कोलकाता को सात विकेट से मात देने वाली आरसीबी दो अंक और +2.137 के नेट रनरेट के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई।



### शार्दुल ठाकुर के जाल में फंसे हैदराबाद के सनराइजर्स

मुकाबले की शुरूआत से पहले कयास लगाए जा रहे थे कि अपने घर में मुकाबला खेल रही हैदराबाद 300 से ज्यादा का स्कोर तैयार कर सकती है। हालांकि, लखनऊ के घातक गेंदबाजों ने उन्हें 200 का आंकड़ा भी नहीं छूने दिया। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक शर्मा सिर्फ छह रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पिछले मैच में शतक जड़ने वाले ईशान किशन आज खाता भी नहीं खोल पाए। शार्दुल ठाकुर ने दोनों बल्लेबाजों को पारी के तीसरे ओवर में लगातार दो गेंदों पर आउट किया। इसके बाद ट्रेविस हेड को नितीश कुमार रेड्डी का साथ मिला और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 32 गेंदों में 61 रनों की साझेदारी हुई। हेड 28 गेंदों में 47 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें प्रिंस यादव ने बोल्ड किया।



आईपीएल 2025

## 'चेपॉक में सीएसके को हराना मुश्किल'

### आरसीबी जीतकर बना सकती है इतिहास



नई दिल्ली । आईपीएल 2025 में शुक्रवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के बीच टूनार्मेंट का 8वां मैच खेला जाएगा। यह मुकाबला शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीम अपना पहला मुकाबला जीत कर यहां पर खेलने के लिए उतरेंगी। आरसीबी ने अपने पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को शिकस्त दी थी। वहीं, चेन्नई की सीएसके ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना पहला मैच जीता था। आईपीएल 2025 में अब तक हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं। लेकिन, चेन्नई की पिच पर बल्लेबाजों की अग्निपरीक्षा होती है। क्योंकि, यहां पर गेंद बल्ले पर रुक कर आती है और बल्लेबाजों के लिए शॉट्स खेलना इतना आसान नहीं होता है। यहां पर चेन्नई की टीम हमेशा से एक मजबूत टीम मानी जाती रही है। यहां टॉस भी एक अहम रोल निभाता है। इस मैदान पर पिछले मैच में सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए पहले मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। मुंबई की पूरी टीम 9 विकेट खोकर 155 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके ने 5 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया था। आरसीबी और सीएसके के मुकाबले में भी माना जा रहा है कि जो टीम टॉस जीतेगी वह लक्ष्य का पीछा करना चाहेगी। आईपीएल के इतिहास में आरसीबी हमेशा से सीएसके पर भारी रही है। आंकड़ों के अनुसार, दोनों टीमों के बीच अब तक 33 मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें 21 मैचों चेन्नई सुपर किंग्स की टीम जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। वहीं, आरसीबी को 11 मैचों में ही जीत मिली है। चेपॉक के मैदान में तो आरसीबी पिछले 17 वर्षों से सीएसके से नहीं जीत पाई है। आंकड़ों के अनुसार, यहां पर दोनों टीम के बीच खेले गए कुल 9 मैच में से आरसीबी को 8 में हार और एक में जीत (साल 2008) मिली थी। चेपॉक के मैदान में स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलती है और सीएसके के पास इसकी कमी नहीं है। रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद की तिकड़ी विरोधियों को अपनी फिरकी में घुमाने का दम रखती है। नूर जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए पहले मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लेने में कामयाबी हासिल की थी। वहीं, आरसीबी की बात करे तो उनके पास क्रुणाल पांड्या, सुयश शर्मा और लियाम लिविंगस्टोन हैं।

## शुक्रवार, 28 मार्च राशिफल

**मेष** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थ पक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-7-9

**कर्क** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृ पक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर** : आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शुभांक-1-5-9


भगवान झूलेलाल जयंती (चेटी चंड)
नवसंवत्सर व नवरात्रि की लख-लख बधाईयाँ
भगवान झूलेलाल जी की
शोभायात्रा उद्घाटन 28 मार्च 2025 सायं 5 बजे स्थान : हरियाली वाटिका, घटिया, आगरा
भव्य शोभायात्रा
28 मार्च 2025 सायं 6 बजे से स्थान : ताज प्रेस क्लब घटिया से प्रारम्भ
ज्योती विसर्जन
30 मार्च 2025 रात्रि 8 बजे से स्थान : बल्केश्वर घाट, आगरा
भव्य सांस्कृतिक झूलेलाल मेला
20 व 21 अप्रैल 2025 सायं 5 बजे से स्थान : कोठी मीनाबाजार (सीताधाम), आगरा
चंद्रप्रकाश सोनी
हेमन्त भोजवानी
घनश्यामदास देवनानी
परमानन्द अतवानी
जयरामदास होतचंदानी
रोचीराम नागरानी
नन्दलाल आयलानी
श्यामलाल रंगनानी
सुशील नोतनानी
जगदीश डोडानी
नरेन्द्र पुरसनानी
जेठा भाई
श्याम भोजवानी
जितेन्द्र त्रिलोकानी
शोभाराम पुरसनानी
रामचन्द छाबड़िया
एड. महेश सोनी
पुरुषोत्तम लक्षवानी
राज कोठारी
टीकम लालवानी
अमृत माखीजा
मेघराज दयालानी
किशोर बुधरानी
गोपाल जी बेकर्स
जयकिशन बुधरानी
भीष्म लालवानी
जेठानंद आसनानी
जगदीश तोरानी
लक्ष्मण कल्यानी
राजा नागरानी
हरीश बिलन्दानी
वासदेव मयानी
पीतमदास रामचंदानी
अनिल नागवानी
दर्शन थावानी
कमल छावड़िया
जगदीश भोभनानी
विपिन करीरा
योगेश शटवानी
(गोरुभाई)
भजनलाल माखीजा
प्रकाश मंगवानी
विनोद हीरानी
पुनीत कालरा
सी.एस भरत हासानी
हासानी ट्रेडमार्क सर्विस
राजेश दौलतानी
मोतीलाल अमुलानी
जीतू तुलसानी
मानसी
शोभी भाई
हरेश पंजवानी
पं. बंटी महाराज
पं. पवन शर्मा
पं. विनय शर्मा
राजकुमार मदनलाल सोनी
सिंधी संस लालचंद ज्वैलर्स
नत्थूमल सोनी
हरीश कोठारी
अंश पंजवानी
राजा सुखनानी
दयालदास भल्ला
हरीश होतचंदानी
सुरेश कुमार
गुलशन कुमार
अनिल कुमार
होतचंदानी परिवार
आयोजकः सिन्धी सेन्ट्रल पंचायत स्थापित (1956)